FORM No III
(नियम 26)

अज अदालत अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, मुकाम बीकानेर

गोगी देवी बनाम– स्टेट

किस्म मुकदमा रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र संख्या 07/2023

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
20.12.2023	अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी ने बहस के दौरान कथन किया कि उक्त अनवानी अपील में नियत पेशी दिनांक 26.09.2023 से पूर्व ही दिनांक 25.09.2023 को अपीलान्ट के अधिवक्ता के साथ दुर्धटना होने की वजह से सिर पर गम्भीर चोट लग गई थी तथा चक्कर आने व उल्टी आदि की वजह से नियत पेशी पर न्यायालय मे उपस्थित नही हो सका था तथा ना ही अपने मुव्वकिल को उक्त तारीख पेशी की सूचना दे सका। इस कारण उपस्थित नही आने पर न्यायालय द्वारा अपील को अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज कर दी गई। अतः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर पत्रावली को पुनः दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश फरमावे। हमने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया तथा उपलब्ध दस्तावेज का विश्लेषण एवं बहस पर मनन किया। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र तथा बहस मे किये गये कथनो के आधार पर न्यायहित में रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार कर आदेश दिनांक 26.09.2023 को रिकॉल किया जाकर अपील को रेस्टोर किया जाता है। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र मूल अपील के साथ सलग्न हो। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर	